भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 675

24/07/2026 को उत्तरार्थ

विषय- हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन का कार्यान्वयन

675. श्रीहर्ष महाजनः

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ) के अंतर्गत विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र वार कितने किसानों और क्षेत्र को शामिल किया गया है;

(ख) इस मिशन के तहत हिमाचल प्रदेश को वर्ष-वार कितनी धनराशि आवंटित और जारी की गई है;

(ग) क्या हिमाचल प्रदेश से प्राकृतिक खेती के क्लस्टर या प्रशिक्षण अवसंरचना के विस्तार का/के कोई प्रस्ताव सरकार के पास लंबित है/हैं, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) पहाड़ी राज्यों के किसानों को, खासकर वहाँ की भूमि की प्रकृति और खेती की आदान लागत से जुड़ी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, प्राकृतिक खेती के तरीकों को बड़े पैमाने पर अपनाने के लिए प्रोत्साहन देने हेतु सरकार क्या कदम उठा रही है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क): हिमाचल प्रदेश राज्य सहित राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन (एनएमएनएफ) के अंतर्गत लाए गए किसानों की संख्या और क्षेत्र **अनुबंध-1** में दिया गया है।

(ख): इस मिशन के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश को आवंटित और जारी की गई राशि का विवरण नीचे दिया गया है:

(रुपये लाख में)

वर्ष	आवंटित राशि (केंद्रीय हिस्सा)	जारी की गई राशि (केंद्रीय हिस्सा)	पंजीकृत किसान	कवर किया गया क्षेत्र (हेक्टेयर में)
2024-25	47.92	23.96	-	-
2025-26	3578.10	3578.10	62003	22002.316
2026-27	3407.86	1363.11	13310	5172.00

(ग): वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य की वार्षिक कार्य योजना को मंजूरी दे दी गई है और राज्य को 5,850 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करने वाले 117 क्लस्टरों के गठन के लिए केंद्रीय हिस्से के रूप में ₹3,407.86 लाख की धनराशि आवंटित की गई है।

(घ): हिमाचल प्रदेश सहित पहाड़ी राज्यों में प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को व्यापक रूप से अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिए, राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन (एनएमएनएफ) को 90:10 के अनुदान अनुपात पर कार्यान्वित किया जा रहा है। प्राकृतिक कृषि की अवधारणा बाहरी संसाधनों पर निर्भरता को कम करने पर जोर देती है। राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन (एनएमएनएफ) के व्यापक रूप से अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिए प्राकृतिक कृषि पद्धति अपनाने वाले किसानों के लिए दो वर्षों की अवधि के लिए प्रति एकड़ प्रति वर्ष 4000 रुपये का उपज आधारित प्रोत्साहन प्रदान करने का प्रावधान है। यह कृषि प्रणाली कम लागत वाली, गैर-रासायनिक, स्थानीय संसाधनों पर आधारित और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल है। हिमाचल प्रदेश राज्य के चंबा जिले के पांगी उपमंडल को राज्य का पहला प्राकृतिक कृषि उपमंडल घोषित किया गया है और राज्य सरकार ने कृषि/बागवानी फसलों सहित पशु/मुर्गी पालन के चारे में कीटनाशकों/रासायनिक उर्वरकों के आयात, बिक्री, वितरण और उपयोग पर प्रतिबंधित किया है।

अनुबंध- I

वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए राज्य/केंद्र शासित प्रदेशवार गठित क्लस्टरों, नामांकित किसानों की संख्या और क्षेत्रफल हेक्टेयर में

क्र. सं.	राज्य/केंद्र शासित प्रदेश	कलस्टर बना	नामांकित किसानों की संख्या	क्षेत्र हेक्टेयर में
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	2	250	100
2	आंध्र प्रदेश	5002	650163	425912.564
3	अरुणाचल प्रदेश	108	2982	705.316
4	असम	32	3721	2584.596
5	बिहार	450	50065	21155.308
6	छत्तीसगढ	467	57590	25605.416
7	दिल्ली	6	375	150
8	गोवा	13	1623	630.888
9	गुजरात	1033	117108	48740.94
10	हरियाणा	194	11288	9307.212
11	हिमाचल प्रदेश	531	62003	22002.316
12	जम्मू और कश्मीर	160	19791	6905.048
13	झारखंड	182	11562	4586.88
14	कर्नाटक	991	124332	54456.8
15	केरल	114	16700	6210.112
16	लद्दाख	4	621	175.616
17	मध्य प्रदेश	1805	167661	90902.256

18	महाराष्ट्र	1711	143707	40514.96
19	मणिपुर	88	9077	3564.632
20	मेघालय	84	7017	2273.396
21	मिजोरम	176	13503	8396.04
22	नागालैंड	107	7998	3473.12
23	ओडिशा	442	60422	24058.648
24	पुदुचेरी	6	772	256.252
25	पंजाब	68	5295	1831.28
26	राजस्थान	2380	212346	91165.58
27	तमिलनाडु	60	6072	2708.912
28	तेलंगाना	506	61205	35819.928
29	त्रिपुरा	111	13643	5188.988
30	उत्तर प्रदेश	1857	230733	83166.9
31	उत्तराखंड	203	23032	9566.548
	कुल	**18893**	**2092657**	**1032116.452**

****